**सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक श्रीमती बिमला कश्यप सूद माननीय सांसद (राज्य सभा) की अध्यक्षता में बचत भवन में दिनांक 17-04-2015 को सांय 4 बजे आयोजित की गई,की कार्यवाही ।**

सर्व प्रथम समीक्षा बैठक के प्रारंभ में उप निदेशक एवं परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण शिमला ने अध्यक्ष महोदया तथा सभी उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा अध्यक्ष महोदया से बैठक की कार्यवाही शुरू करने की अनुमति मांगी ।

इसके उपरान्त, उप निदेशक एवं परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण शिमला ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण शिमला के माध्यम से चलाई जा रही केन्द्रीय सरकार की सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम पंचायत थड़ी में इस योजना के क्रियान्यवन के लिए अपनाई जा रही प्रक्रियाओं और इस योजना के आरम्भ होने से अभी तक, योजना के अंतर्गत आयोजित की गई बैठकों तथा गतिविधियों के बारें में माननीय सांसद महोदया को अवगत करवाया । जो निम्न प्रकार से है :-

| क्र.सं. | गतिविधि का नाम | की गई कार्रवाई |
|---|---|---|
| 1. | जागरूकता शिविरों का आयोजन | 09-01-2015 और 25-03-2015 |
| 2. | आधारभूत सर्वेक्षण | पूर्ण |
| 3. | आधारभूत सर्वेक्षण की वेबसाइट में अपलोडिंग | पूर्ण (सिवाए गाँव अगवाही) |
| 4. | पंचायत प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन | हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, फेयरलॉन , शिमला -171012 (दिनांक :9 से 13 मार्च, 2015) |
| 5. | ग्राम विकास योजना | प्रगति पर है (30 अप्रैल, 2015 तक पूर्ण) |

इसके उपरान्त, उप निदेशक एवं परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण शिमला ने डी.आर.डी.ए. व डी.डब्ल्यू.डी.ए. शिमला द्वारा अगले दो माह तक का रोड मैप (सॉफ्टवेयर हिस्सा) के बारें में बताया गया जो निन्न प्रकार से है :-

- सभी महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में शामिल करना व स्वयं सहायता समूहों की सभी महिलाओं को प्रधानमंत्री जन धन योजना में शामिल करना। (अगले दो महीनों में)
- ग्राम पंचायत थड़ी के सभी बच्चों को सुरक्षित स्वच्छता एवं स्वच्छता आचरण से अवगत करवाना । (अगले दो महीनों में)
- मनरेगा के तहत रोजगार दिवस का आयोजन करना । (अगले दो महीनों में)
- एकीकृत जलागम प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत गहन प्रशिक्षण । (अगले दो महीनों में)
- विभिन्न केन्द्र और राज्य प्रायोजित विकास योजनाओं पर आईईसी (IEC)बुकलेट तैयार करना।

इसके उपरान्त माननीय सांसद महोदया से अनुरोध किया गया कि वे अपने विचार रखें । अध्यक्ष महोदया ने सभी विभागीय अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों से सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम पंचायत थड़ी को आदर्श स्थापित करने हेतु विस्तृत रूप में चर्चा की ।

अध्यक्ष महोदया ने अपने संबोधन में सभी उपस्थित विभागीय अधिकारियों व ग्राम पंचायत थड़ी के पंचायती राज प्रतिनिधियों व अन्य नागरिकों का धन्यवाद किया तथा ग्राम पंचायत थड़ी को आदर्श पंचायत बनाने के लिए उन्होंने निम्नलिखित निर्देश दिए :-

- शोघी बाज़ार में सामूहिक शौचालय बनाने से सम्बंधित मांग को प्रधान ग्राम पंचायत थड़ी, अतिरिक्त उपायुक्त एवं परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण शिमला को शीघ्रातिशीघ्र भिजवायें ।
- ग्राम पंचायत थड़ी के प्रत्येक विद्यालय में स्टाफ की कमी से सम्बंधित मांगें प्रधान ग्राम पंचायत थड़ी खंड विकास अधिकारी मशोबरा के माध्यम से शिक्षा विभाग को भेंजे।
- गौसदन की जमीन के लिए प्रधान ग्राम पंचायत थड़ी, खंड विकास अधिकारी मशोबरा के माध्यम से लोक निर्माण विभाग और वन विभाग से संयुक्त निरीक्षण करवाएं ।
- ग्राम पंचायत थड़ी के प्रत्येक विद्यालय में दो शौचालय लड़के और लड़कियों होने चाहिए से सम्बंधित मांग को प्रधान ग्राम पंचायत थडी, खण्ड विकास अधिकारी मशोबरा के माध्यम से शिक्षा विभाग को भेजें ।

- ग्राम पंचायत थड़ी के किसानों को उम्दा किस्म के बीज उपलब्ध करवाने हेतू तथा बीज बिक्री केंद्र सम्बंधित मांगं को प्रधान ग्राम पंचायत थड़ी, खण्ड विकास अधिकारी मशोबरा के माध्यम से कृषि विभाग को भेंजे ।
- ग्राम पंचायत थड़ी में जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है उसे अपग्रेड करवाने हेतु मांग को प्रधान ग्राम पंचायत थड़ी, खंड विकास अधिकारी मशोबरा के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को भेजें ।
- ग्राम पंचायत थड़ी के अंतर्गत आने वाले गाँव में गंदे पानी की नालियां ढकी हुई होनी चाहिए ।
- औद्योगिक क्षेत्र शोघी में फैक्ट्री से निकलने वाले कूड़े कचरे से जो ग्राम पंचायत थड़ी में प्रदूषण फैल रहा है उसके निपटारे के लिए Secretary SADA आवश्यक पग उठाएं ।
- भारत सरकार द्वारा जारी किए गए सांसद आदर्श ग्राम योजना के दिशा-निर्देशों के आधार पर सभी विभाग संयुक्त प्रयास करें तथा यह भी निर्देश दिए कि उनके विभाग से सम्बंधित जो भी गतिविधियां हैं, उनका ग्राम पंचायत थड़ी में सकारात्मक प्रभाव दिखाई देना चाहिए।
- कृषि विभाग से सम्बंधित ग्राम पंचायत थड़ी में निम्नलिखित कार्य किये जा सकते हैं:-
    1. SCSP के अन्तर्गत किसान प्रशिक्षण शिविर ।
    2. Dr. Y.S. Parmar Kisan Sawarojgar Yojana के अंतर्गत पॉली हाउस का निर्माण ।
    3. कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (ATMA) के अन्तर्गत प्रदर्शन ।
    4. मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत मिट्टी के नमूने का परीक्षण।
- वन मंडलाधिकारी शिमला के द्वारा कहा गया कि वन विभाग से सम्बंधित ग्राम पंचायत थड़ी में जो कार्य किये जा सकते हैं निम्न प्रकार से है:-
    1. CAMPA Head के अंतर्गत (Lantana) लैंटाना झाड़ी का निवारण ।
    2. भूमि संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत दीवार तथा चैक डैम का निर्माण ।
    3. नमी संरक्षण के कार्य जैसे की जल संचयन की संरचना तथा पानी के तालाबों का निर्माण ।
    4. जंगल लगाना /वन रोपण के कार्य ।
    5. जंगल के रास्तों का रख-रखाव करना ।
- माननीय सांसद महोदया द्वारा कहा गया कि ग्राम पंचायत थड़ी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव नहीं झलकना चाहिए। ग्राम पंचायत थड़ी के लिए अग्रसर ग्राम विकास योजना (VDP) आने के बाद जो प्राथमिकताएं निर्धारित होंगी, जो कि सांसद आदर्श ग्राम योजना का मुख्य पहलू है, के बारें में पुन: समीक्षा बैठक होगी व ग्राम पंचायत थड़ी को आदर्श पंचायत स्थापित करने हेतु सभी अधिकारियों को भरसक प्रयास करने हेतु निर्देश दिए गए तथा धन्यवाद सहित बैठक को समाप्त किया गया।

उप निदेशक एवं परियोजना अधिकारी,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, शिमला, हि.प्र. ।

2600-2628-11th

पृष्ठाकन संख्या:- डीआरडीए(एस)-2014-15-(एस.ए.जी.वाई.) दिनांक मई, 2015

1. निदेशक, ग्रामीण विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला- 171009को सूचनार्थ प्रेषित है ।
2. समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्य को सूचनार्थ प्रेषित है ।

उप निदेशक एवं परियोजना अधिकारी,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, शिमला, हि.प्र. ।